सोमवार
22 अगस्त 2022




पृष्ठ 4

नहीं आती रात को नींद तो गुनगुना दूध पीएं!



पृष्ठ 5

अजय देवगन की सिंघम 3 में दिख सकते हैं सलमान खान




● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 195
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

**आज का विचार**

संयम संस्कृति का मूल है। विलासिता निर्बलता और चाटुकारिता के वातावरण में न तो संस्कृति का उद्भव होता है और न विकास।


— काका कालेलकर

## रूस में आईएसआईएस का सुसाइड बॉम्बर गिरफ्तार

# भारत में बड़ी शख्सियत को बनाना चाहता था निशाना

मास्को (कास)। रूस ने आईएसआईएस आतंकी (सुसाइड बॉम्बर) को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि ये आतंकी भारत में बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहा था। पकड़ा गया आतंकी भारत में बड़ी शख्सियत को निशाना बनाना चाहता था। आत्मघाती हमले को अंजाम देने की कोशिश में लगे इस आतंकी की पकड़ लिया गया है। फिलहाल जो बात सामने निकलकर आ रही है उसके मुताबिक पकड़ा गया आतंकी टर्की में आईएसआईए में भर्ती हुआ था। अब जांच के बाद बड़े खुलासे हो सकते हैं।

रूसी संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने बताया, रूस के एफएसबी ने रूस में प्रतिबंधित इस्लामिक स्टेट अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी संगठन के एक सदस्य की पहचान की और उसे हिरासत में लिया। यह मध्य एशियाई क्षेत्र के एक देश का



मूल निवासी था, जिसने भारत के सत्तारूढ़ हलकों के प्रतिनिधियों में से एक के खिलाफ खुद को उड़ाकर एक आतंकवादी हमला करने योजना बनाई थी।श बयान में कहा गया है कि हिरासत में लिए गए आईएस नेताओं में से एक ने तुर्की में आत्मघाती हमलावर के रूप में भर्ती किया था।

गौरतलब है कि इस्लामिक स्टेट और इसकी सभी गतिविधियों को रूस में आतंकवादी संगठन के रूप में घोषित किया गया है। ईएसआईएस अपनी विचारधारा को प्रचारित करने के लिए विभिन्न इंटरनेट आधारित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रहा है। इस संबंध में संबंधित एजेंसियों द्वारा साइबरस्पेस पर कड़ी नजर रखी जा रही है और कानून के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि इस्लामिक स्टेट को आतंकवादी संगठन के रूप में अधिसूचित किया गया है और केंद्र सरकार द्वारा गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम) अधिनियम, 1967 की पहली अनुसूची में शामिल किया गया है।

भारत में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 31 जुलाई को आतंकी संगठन आईएसआईएस की संदिग्ध गतिविधियों से संबंधित मामले में छह राज्यों में संदिग्धों के 13 इलाकों पर छापेमारी की। एनआईए की इस कार्रवाई में तमाम आपत्तिजनक दस्तावेज और सामग्री जब्त की गई हैं। मामले में आगे की जांच जारी है।

## एसडीएम द्वारा की गयी अभद्रता के विरोध में पूर्व सीएम हरीश रावत का सांकेतिक उपवास



हमारे संवाददाता

देहरादून। पौड़ी जिले में एसडीएम द्वारा युवा कांग्रेस महासचिव के साथ की गयी अभद्रता के मामले में आज पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत द्वारा अपना विरोध जताते हुए देहरादून के गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास मौन उपवास किया। इस दौरान पूर्व सीएम के साथ कई समर्थक और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल भी सांकेतिक उपवास पर बैठे।

बता दें कि बीते शनिवार को कोटद्वार में अग्निवीर भर्ती के दौरान सर्टिफिकेट बनवाने को लेकर एसडीएम आकाश जोशी और युवा कांग्रेस महासचिव नितिन बिष्ट के बीच जमकर कहासुनी हुई। इस दौरान वहां मौजूद एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों द्वारा एनएसयूआई नेता के साथ मारपीट भी की गयी। मामला बढ़ने पर एसडीएम द्वारा मौके पर पुलिस बुलाई गयी। इस दौरान एसडीएम ने युवा कांग्रेस महासचिव को को जान से मारने तक की धमकी दी गयी थी। एसडीएम ने सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत अन्य मामलों में युवा कांग्रेस महासचिव नितिन बिष्ट के खिलाफ नामदज तहरीर दर्ज कराई है। एसडीएम और युवा कांग्रेस महासचिव के बीच हुई कहासुनी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कांग्रेस भी विरोध में उतर आई। कांग्रेस ने युवा नेता नितिन बिष्ट के साथ अभद्रता और गाली देने वाले एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई न होने पर इसे मुद्दा

◀◀ शेष पृष्ठ 4 पर

## बीजेपी चाहती है मैं उनकी पार्टी ज्वाइन करूं: मनीष सिसोदिया

नई दिल्ली । दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सीबाआई के छापे के बाद भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि, उन्हें भाजपा की तरफ से भगवा दाल में शामिल होने का ऑफर आया था। उन्होंने कहा कि वो अगर भाजपा में शामिल हो जाते हैं तो उनके खिलाफ ईडी और सीबीआई के सारे मामले बंद कर दिए जाएंगे।



सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा, मेरे पास भाजपा का संदेश आया है- 'आप' तोड़कर भाजपा में आ जाओ, सारे सीबीआई- ईडी के केस बंद करवा देंगे। मेरा भाजपा को जवाब- मैं महाराणा प्रताप का वंशज हूँ, राजपूत हूँ। सर कटा लूँगा लेकिन भ्रष्टाचारियों-षड्यंत्रकारियों के सामने झुकूँगा नहीं। मेरे खिलाफ सारे केस झूठे हैं। जो करना है कर लो। मनीष सिसोदिया के घर शुक्रवार सुबह सीबीआई की टीम ने छापा मारा था। सिसोदिया के अलावा तत्कालीन आबकारी आयुक्त अरवा गोपी कृष्ण के घर पर भी सीबीआई ने रेड डाली थी। सीबीआई दिल्ली की विवादास्पद नई एक्साइज पॉलिसी की जांच कर रही है।

## देश में आज कोरोना वायरस के 9,531 नए मामले दर्ज किए गए, 24 घंटों में 36 मरीजों की हुई मौत

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार (22 अगस्त) को साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार भारत में पिछले 24 घंटों में नोवेल कोरोनावायरस के 9,531 नए मामले दर्ज किए गए हैं। बीते 24 घंटों में कोरोना से 36 मरीजों की मौत हो गई है। जिसमें में से 10 मौत अकेले केरल से हुई है। देश में कोरोना रिकवरी रेट 98.59 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

देश में एक्टिव केसों की संख्या 97,648 है। कल पंजीकृत सक्रिय मामले 99,879 थे। 24 घंटे की अवधि में एक्टिव कोविड-19 केसलोएड में 2,231 मामलों की कमी दर्ज की गई है। मंत्रालय ने कहा कि सक्रिय मामलों में कुल संक्रमण



का 0.22 प्रतिशत शामिल है।

देश में कोरोना से अब तक 4,37,23,944 लोग ठीक हो गए हैं। वहीं देश में अब मरने वालों की कुल संख्या 5,27,368 है। भारत में कोरोना महामारी के कारण पहली मौत मार्च 2020 में हुई थी। देश में डेली पॉजिटिविटी रेट 4.21 प्रतिशत दर्ज की गई है।

आंकड़ों के अनुसार, कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.22 प्रतिशत है जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.59 प्रतिशत है। संक्रमण की दैनिक दर 4.15 प्रतिशत दर्ज की गयी और साप्ताहिक संक्रमण दर 3.59 प्रतिशत रही।

मंत्रालय के अनुसार, पिछले 24 घंटे में कोविड-19 का पता लगाने के लिए 2,29,546 नमूनों की जांच की गयी। इसी के साथ ही अब तक जांच किए गए कुल नमूनों की संख्या 88.27 करोड़ हो गयी है। इस बीमारी से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,37,23,944 हो गयी है जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# आफत लाई भारी बरसात

शुक्रवार देर रात से शुरू हुई बारिश प्रदेश में आफत की बरसात बनकर गुजरी। भारी बारिश के चलते जहां संचार सेवाएं ठप होने के साथ ही कई पुल भी ध्वस्त हो गये वहीं प्रदेश की 257 सड़कें अभी भी बंद बतायी जा रही है। इस बरसात व बादल फटने के कारण अकेले टिहरी में ही लगभग 300 परिवार प्रभावित हुए है। वहीं राजधानी दून की बात करें तो यहां आपदा के 36 घंटे बीत जाने के बाद भी मलबे में दबे 13 लोगों का सुराग नहीं लग पाया है साथ ही स्थानीय लोगों के घर मकान गिरने के साथ ही उनके मवेशी भी गुम हो गये है। हालांकि आपदाग्रस्त क्षेत्रों में अब एनडीआरएफ,एसडीआरएफ व स्थानीय पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है। लेकिन इस सबके बावजूद आपदाग्रस्त परिवारों को अभी तक कोई राहत नहीं मिल सकी है। लोग घंटो बाद भी अब तक डरे सहमें हुए से है। आपदाग्रस्त क्षेत्रों में जाने वाली सड़कें टूट चुकी है जिससे वहां राहत सामग्री पहुंचाना भी आसान काम नहीं है। भारी बरसात व बादल फटने के कारण आपदाग्रस्त क्षेत्रों मे जहां बिजली संकट बना हुआ है वहीं पेयजल लाइनों के टूट जाने के कारण भी पीने का पानी मुहैया कराना जिला प्रशासन के लिए आसान काम नहीं रहा है। जो यह साबित करता है कि अभी भी हमारे आपदा प्रबन्ध न विभाग में कई खामियां है। भारी बारिश का सबसे ज्यादा असर सड़कों व पुलो पर पड़ा है जिनसे आपदा प्रभावितों को ठीक मदद नहीं मिल पा रही है। ऐसे में राज्य सरकार को सोचने की जरूरत है कि कैसे जल्द आपदाग्रस्त क्षेत्रों में पहुंच कर लोगों को मदद पहुंचायी जाये ताकि उनके जख्मों में कुछ मरहम लगाया जा सके।

# मजाकः शस्त्र लाईसेंस के आवेदकों को दस्तावेज जमा करने हेतु मिलता है एक सप्ताह का समय

संवाददाता

देहरादून। शस्त्र लाईसेंस बनवाने के लिए आवेदक को थाना पुलिस द्वारा 11 अभिलेख मांगे जाते हैं और उन 11 अभिलेखों को जमा करने हेतु एक सप्ताह सप्ताह का समय निर्धारित किया गया है जो एक मजाक सा लगता है। क्योंकि एक ही अभिलेख के आवेदन करने पर उसके लिए जिलाधिकारी कार्यालय ने ही 15 दिन का समय निर्धारित किया है तो फिर एक सप्ताह में अभिलेख कैसे जमा होंगे इसके बारे में अनुमान लगाना ही मूर्खता होगी?

उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी कार्यालय में शस्त्र लाईसेंस के लिए आवेदन करने के पश्चात वह आवेदन एसएसपी कार्यालय से होता हुआ सम्बन्धित थाना चौकी पर पहुंचता है। उसके बाद मजाक का समय शुरू हो जाता है। सम्बन्धित थाना पुलिस द्वारा आवेदक को एक पर्चा थमा दिया जाता है जिसमें 11 बिन्दुओं पर आवेदक को अभिलेख जमा कराना अनिवार्य होता है। उस पर्चो पर यह भी अंकित किया गया है कि उक्त अभिलेख सात दिन के अन्दर जमा कराये अगर




**❑स्थाई निवास प्रमाण पत्र बनने की अवधि ही 15 दिन होती है**

समयावधि पर अभिलेख जमा नहीं कराये गये तो आवेदन को निरस्त कर वापस भेज दिया जायेगा। यह अपने आपमें काफी सोचने वाला विषय बन जाता है। आवेदक को दिये गये पर्चे में सबसे पहला कॉलम मूल स्थाई निवास प्रमाण पत्र जमा कराना है। अब सोचने वाली बात है कि जब जिलाधिकारी कार्यालय तक ने मूल निवासी प्रमाण पत्र जारी करने के लिए 15 का समय निर्धारित किया है। उससे ज्यादा समय तो लग सकता है लेकिन 15 दिन से पहले मूल निवास प्रमाण पत्र जारी नहीं होता। अब देखने वाली बात है कि एक अभिलेख को पाने के लिए 15 दिन का समय निध रित है तो एक सप्ताह में पूरे अभिलेख कहां से जमा हो जायेगें। ऐसा नहीं है कि थाना चौकी पुलिस इस बात से अनभिज्ञ है लेकिन उसके बावजूद आवेदक से ऐसा मजाक क्यों किया जाता है यह समझ से बाहर की बात है। इसके अलावा चिकित्सा प्रमाण पत्र, राजस्व विभाग के राजस्व अधिकारी का प्रमाण पत्र, शस्त्र चलाने सम्बन्धी प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन का प्रमाण पत्र, राज्य राइफल एसोसिएशन संघ का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, दो वर्षो का टैक्स रिटर्न आय प्रमाण पत्र जैसे अभिलेखों को एकत्रित कराने के लिए आवेदक को रात दिन एक भी करनी पडे तब भी एक सप्ताह का समय कम पडता है। इस बात को पुलिस विभाग भी जानता है। क्योंकि मूल निवासी प्रमाण पत्र की जरूरत उनको भी पडती है और उन्होंने कितने दिन में बनवाया होगा इससे वह भी वाकिफ हैं। उसके बावजूद वह आवेदक से इतना अच्छा मजाक कैसे कर लेते हैं यह पुलिस विभाग में एक कला ही माना जायेगा कि सबकुछ पता होते हुए भी वह ऐसा मजाक कर लेते हैं।

# युवती को परेशान करने पर आरोपी युवक व उसकी मां के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। युवती का पीछा कर उसको परेशान करना व विरोध करने पर आरोपी व उसकी मां के द्वारा जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ठाकुरपुर निवासी युवती ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि झाझरा निवासी सुजल बिष्ट आये दिन उसका पीछा करता है तथा रास्ते में उसको रोककर उसके साथ बतमीजी करने के साथ ही गंदी बातें करता है। उसने जब उसका विरोध किया तो सुजल व उसकी मां ने उसको जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# कोरोना को दावत देता रेल मंत्रालय!

हमारे संवाददाता

देहरादून। कोरोना महामारी के चलते आम जन की सुरक्षा के प्रति केन्द्र का रेल मंत्रालय कितना गम्भीर है इसका पता एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं से देखा जा सकता है। यहां यात्रियों को मिलने वाली बैडशीट, तौलियों व कम्बल इतने मैले व बदबूदार होते है कि उनके इस्तेमाल से ही कोरोना का भय बना रहता है।

जहां एक तरफ केन्द्र सरकार द्वारा आज भी कोरोना से बचाव को लेकर टीके लगवाये जा रहे है वहीं रेल मंत्रालय द्वारा आम जन की सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला हल्द्वानी से देहरादून यात्रा के समय एक्सप्रेस ट्रेन में सामने आया है जहां ट्रेन में सफर कर रहे लोगों द्वारा जब बेडशीट, तौलिये व कम्बलों की हालत देखी गयी तो उनके होश उड़ गये। यह सामान






इतने पुराने मैले व बदबूदार थे कि यात्रियों द्वारा उनके इस्तेमाल किये जाने से ही मना कर दिया गया। बताया जा रहा है कि जब कई परिवारों द्वारा टीटी से इसकी शिकायत की गयी तो उन्होने उनकी बातों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। हालांकि कोच सहायक द्वारा ताकियों के खोलों को बदल दिया गया। इस पर नाराज यात्रियों द्वारा भारतीय रेल के शिकायत पोर्टल 'रेल मदद' पर आनलाइन शिकायत दर्ज करायी गयी।

सूंत्रों का कहना है कि कुछ ट्रेन वेन्डरों की मुरादाबाद रेलवे मंडल में अच्छी पहुंच व धमक है जिसके चलते रेल प्रशासन भी इस ओर ध्यान नहीं देता है। ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान कैसे रखा जाये अपने आप में विचारणीय सवाल है। कुछ यात्रियों का कहना है कि वह केन्द्रीय रेल मंत्री व चेयरमैन रेलवे बोर्ड को पत्र लिखकर भेज रहें हैं। हालांकि इस पर भी कब कार्यवाही होगी कहा नहीं जा सकता है।

# गोर्खाली सुधार सभा की शाखा का गठन, समुदाय को एकजुट करने पर होगा कार्य

हरिद्वार (कासं)। गोर्खाली सुधार सभा, हरिद्वार शाखा की एक बैठक आयोजित की गयी जिसमें विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुये शाखा अध्यक्ष शमशेर बहादुर बम ने बताया कि हरिद्वार में निवास करने वाले गोरखा समुदाय की मांग पर देश की सर्वोच्च व पुरातन सामाजिक संस्था गोर्खाली सुधार सभा की शाखा खोली गयी है, जो कि समाज से जुड़ी विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर कार्य करेगी।

उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुये बताया कि सभा के गठन का मुख्य उद्देश्य समुदाय में आपसी मेल-मिलाप बढ़ाना, बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना, युवाओं को स्वरोजगार, असहाय लोगों की मदद सहित अन्य सामाजिक विषयों पर जागरूकता लाना है। साथ ही गोरखा समुदाय को प्रदेश व केन्द्र सरकार से मिलने वाले 'ओबीसी' आरक्षण की जानकारी उपलब्ध कराना और ओबीसी सर्टिफिकेट बनवाने में सहायता प्रदान करना।

उपाध्यक्ष आशीष थापा ने कहा कि सभा पूर्ण रूप से सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पित है और समय-समय पर समाज व राष्ट्रहित में विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रियता के साथ अपनी भूमिका का निर्वहन करेगी।

संगठन मंत्री भगवान जोशी ने बताया कि जल्द ही सदस्यता अभियान चलाया जायेगा और समुदाय से जुड़े अधिक से अधिक लोगों को सभा के साथ जोड़ा जायेगा।

मीडिया प्रभारी कमल खड़का ने बताया कि हाल ही में देहरादून में सम्पन्न गोर्खाली सुधार सभा के केन्द्रीय व 43 शाखाओं के चुनाव सम्पन्न हुये। इन शाखाओं के चुनाव में हरिद्वार में शाखा गठन के साथ ही चुनाव कराये गये जिसमें निर्विरोध रूप से शमशेर बहादुर बम अध्यक्ष और आशीष कुमार थापा को उपाध्यक्ष चुना गया। बैठक में सुधीर आले, विजय सिंह, ठाकुर सिंह ने भी अपने विचार रखे।

मित्रस्तन्नो वरुणो मामहन्त शर्म तोकाय तनयाय गोपाः।
मा वो भुजेमान्यजातमेनो मा तत्कर्म वसवो यच्चयध्वे।।
(ऋग्वेद ७-५२-२)

मित्र और वरुण हमें और हमारी पीढ़ियों को सुख प्रदान करें। दूसरों के पापों से हम प्रभावित ना हो। विद्वान जिन कर्मों को करने से मना करते हैं ऐसे कर्म हम ना करें।

May Mitra and Varuna bring happiness to us and our generation. We should not be affected by the sins of others. We should not do such deeds which scholars have asked us not to do. (Rig Veda 7-52-2)

# सुरक्षाबलों ने एलओसी पर पकड़ा लश्कर का 'फिदायीन' आतंकी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर एक घुसपैठिए आतंकवादी को पकड़ा गया, जिसे लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) ने फिदायीन (आत्मघाती हमलावर) के रूप में भेजा था। नौशेरा सेक्टर के सहर मकरी क्षेत्र में रविवार को सेना के जवानों को किसी घुसपैठिये की संदिग्ध गतिविधि नजर आई। जब वह वहां पहुंचे, तो आतंकवादी एलओसी के पाकिस्तानी हिस्से की ओर वापस भागने लगा। इस पर सैनिकों ने घुसपैठिये पर गोली चला दी, जिसमें वह घायल हो गया। जवानों ने उसे स्थानीय सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे राजौरी स्थित सेना के अस्पताल में भेज दिया गया है। आतंकवादी की पहचान तबारक हुसैन के रूप में हुई है। पुलिस की पूछताछ करने पर उसने खुलासा किया कि उसे एलओसी पर सेना के प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के लिए लश्कर के आत्मघाती दस्ते के हिस्से के रूप में भेजा गया था। वही, यह दूसरी बार है जब उसने एलओसी पार किया है। उसने पूछताछ में बताया कि उसे और उसके भाई हारून अली को अप्रैल 2016 में नौशेरा सेक्टर में ही घुसपैठ पर गिरफ्तार किया गया था।

# दीया चौधरी ने जीती नेशनल सीरीज गर्ल्स टेनिस एकल अंडर -14 खिताब

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। हेरिटेज स्कूल, नार्थ कैम्पस, सहस्त्रधारा रोड की 13 वर्षीय कु. दीया चौधरी ने नेशनल सीरीज गर्ल्स टेनिस अंडर -14 के खिताब पर गुजरात की शैवी दलाल को आसानी से हरा कर कब्जा किया। पंजाब के जिला जालंधर मे आयोजित अंडर -14 आयु वर्ग की नेशनल सीरीज गर्ल्स सिंगल्स अंडर -14 के टेनिस टूर्नामेंट मे दीया चौधरी ने फाइनल मे अति उत्तम प्रदर्शन करते हुए गुजरात की शैवी दलाल को आसानी से 6-0,6-1से हरा कर खिताब पर कब्जा किया। ज्ञात हो कि इससे पूर्व दीया अंडर -14 ऑल इंडिया टेनिस चौंपियनशिप पर कब्जा कर चुकी है।



प्रतियोगिता मे पुरे भारतवर्ष के पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, वेस्ट बंगाल, मध्यप्रदेश, हैदराबाद आदि के 64 खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। कु. दीया की इस शानदार उपलब्धि पर उसके कोच प्रीतम सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि दीया ने पुरे टूर्नामेंट मे शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब पर आसानी से कब्जा किया। दीया अपने खेल के प्रति पूर्णरूप से समर्पित है एवं उसका भविष्य उज्ज्वल है। कु. दीया ने इस जीत का श्रेय अपने कोच प्रीतम सिंह को दिया। कु. दीया चौधरी कि इस उपलब्धि पर द हेरिटेज स्कूल के चेयरमैन चौधरी अवधेश कुमार, डायरेक्टर सिद्धार्थ चौधरी, श्रीमति सिद्धार्थ चौधरी, डायरेक्टर विक्रांत चौधरी, एस एस चौधरी, सेवा सिंह मठारु एवं स्कूल स्टाफ ने बधाई देते हुए कु. दीया के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# चरस व स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चरस व स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर थाना पुलिस ने खुशहालपुर जाने वाले रास्ते पर एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया।

पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 253 ग्राम चरस बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम शाहरूख उर्फ राजा पुत्र फारूख निवासी खुशहालपुर बताया। वहीं सहसपुर थाना पुलिस ने सहारनपुर रोड पीर की मजार के पास से एक व्यक्ति को 5 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम इकरार पुत्र इकराम निवासी खुशहालपुर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# टिहरी विधायक ने किया उत्तराखण्ड विधानसभा को पेपरलैस बनाने का अनुरोध

हमारे संवाददाता

देहरादून। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने विधान सभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और संसदीय कार्यमन्त्री से अनुरोध किया है कि पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील उत्तराखंड की विधान सभा को पेपरलैस बनाया जाये।



उपाध्याय ने विधान सभा अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि विधायकों को ई-मेल व व्हाट्सअप से विधान सभा में प्रश्न लगाने की अनुमति दी जाये। उन्होने कहा है कि उत्तराखण्ड राज्य का निर्माण विषम भौगोलिक परिस्थितियों के आलोक में हुआ है और मात्र विधान सभा में अपने सवाल लगाने हेतु विधायकों को अपने सुदूर क्षेत्रों से राजधानी आना पड़ता है। जिससे विधायकों के समय की खपत तो होती ही है साथ ही वह अपने क्षेत्र से दूर रहकर आम जन के नजदीक भी नहीं रह पाते है।

# 'मोदी@20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी' किताब को लेकर चर्चा-परिचर्चा का आयोजन

संवाददाता

उत्तरकाशी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर लिखी किताब 'मोदी@20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी' पर आज उत्तरकाशी जिले में बीजेपी जिला संगठन ने जिला सभागार उत्तरकाशी में आम जनता व बुद्धिजीवियों के बीच किताब को लेकर चर्चा परिचर्चा का आयोजन किया। इस बैठक में मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष रमेश चौहान, विधायक, गंगोत्री सुरेश चौहान उपस्थित रहे व कार्यक्रम संयोजक विजयपाल मखलोगा ने बैठक का संचालन किया।



गौरतलब है कि नरेंद्र मोदी ने पहली बार 7 अक्टूबर, 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री का पद संभाला था। 7 अक्टूबर, 2021 को उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की चुनावी राजनीति में सीएम और पीएम के पद पर काम करते हुए अपने 20 साल पूरे किए। इस बैठक में चर्चा की गई कि आखिर "मोदी मैजिक क्या है और यह कैसे काम करता है। लोगों में यह विषय कौतूहल का था कि लगातार इतने वर्षों तक सत्ता में बने रहना भी एक कला है। इन्हीं सब सवालों का जवाब इस किताब 'मोदी@20: ड्रीम्स मीट डिलीवरी' दे रही है।

गौरतलब है कि पुस्तक में पीएम मोदी पर नामी गिरामी हस्तियों की राय व लेख शामिल हैं। इस पुस्तक की प्रस्तावना स्वर कोकिला स्वर्गीय लता मंगेशकर ने लिखी है। विधायक सुरेश चौहान ने कहा कि मोदी निर्विवादित यूथ आइकॉन हैं।

मुख्य वक्ता के तौर पर बीजेपी जिलाध्यक्ष राम: चौहान ने कहा कि यह किताब शीघ्रता से हिंदी में हम सबके बीच आने वाली है। उन्होंने कहा कि सभी लोग इस पुस्तक के हिंदी वर्जन को अवश्य पढ़ेंगे।

# एटीएम कार्ड बदलकर निकाले डेढ लाख रूपये

संवाददाता

देहरादून। एटीएम बदलकर डेढ लाख रूपये निकालने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतीत नगर निवासी पूनम डंडवाल ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपने बेटे प्रियांश को अपना पीएनबी का एटीएम कार्ड देकर बैलेंस चेक करने के लिए भेजा था। उसका बेटा रायवाला स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम में गया और बैलेंस चेक कर रहा था तभी उसके पीछे आकर खडे हुए अज्ञात व्यक्ति ने धोखे से उसका एटीएम कार्ड बदल दिया। इसका उसको तब पता चला जब बैंक से उसके खाते से 1 लाख 49 हजार रूपये निकलने का मैसेज आया। तब उसको पता चला कि उसका एटीएम कार्ड बदल कर पैसे निकाले गये हैं।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# कृष्ण-रुकमणी के विवाह का उत्सव मनाया

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। सिद्धपीठ प्राचीन शिव मन्दिर धर्मपुर चौक देहरादून में षष्टम दिवस की कथा में आचार्य नाथी प्रसाद उनियाल द्वारा समस्त प्रभु भक्तों को कथा श्रवण कराई जिसमे भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोपियों की भावनाओं को देखते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण गोपिया के संग रास रचना सिर्फ एक सांसारिक नृत्य का भाव बल्कि आत्मा का परमात्मा से मिलन एक अदभुत मिलन, वहीं अन्य कथाओं में कथा वाचक ने बताया कि भगवान द्वारा कंस का उद्दार भी अधर्म का धर्म पर विजय होना है, कथा, विभाग में श्री कृष्ण रुकमणी के विवाह का उत्सव मनाया गया जिसके सुन्दर सुन्दर झांकियों के दर्शन से श्रोतागण भाव से झूम उठे। आज के अतिथि अनिल गोयल, सचिन नारंग, सिद्धार्थ अग्रवाल, श्रीमती मुनिया पाल प्रेम पेटवाल, श्रीमती पदमा गुप्ता, सत्या देवी, देवेश्वरी देवी, शान्ता देवी सेमवाल, अशोक कुमार एवं लक्ष्मण, देवेन्द्र अग्रवाल, आत्माराम, दीपक शर्मा, रामदास जायसवाल, प्रमोद शर्मा एवं सुनील कौशिक सहित क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्वाल उपस्थित रहे। प्रसाद में रमन गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। कथा में आज के यजमान विधायक खजान दास, राजेश शर्मा, राजकुमार शर्मा, राम कुमार तायल, रमेश हुरला, हरीष हुरला, अशोक सूदी, सिद्धार्थ हुरला, श्रीमती कान्ता देवी शर्मा, अनिल शर्मा, रमन गुप्ता एवं अरूण अहुजा आदि रहे।



# आवारा सूअरों से निजात दिलाने को डीएम को दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी शहर में आवारा सूअरों के आतंक के चलते शहरभर में गंदगी और बीमारी का आलम है। सूअरों पर नियंत्रण के लिए आज शहर के बुद्धिजीवियों ने जिलाधिकारी उत्तरकाशी को इस समस्या के निराकरण के लिए ज्ञापन दिया।

ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में बीजेपी नेता लोकेन्द्र सिंह बिष्ट, सभासद महाबीर चौहान, सभासद गोविंद गुसाईं, सभासद मनोज शाह, बीजेपी के जितेंद्र पंवार, विशन सिंह राणा शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल के लोगों का कहना है कि श्रीनगर गढ़वाल में भी अफ्रीकन स्वाईन फ्लू ने दस्तक दी है। जिसके चलते श्रीनगर गढ़वाल में इस संक्रमण के चलते अब तक 350 से अधिक सूअर मर चुके हैं।

इधर उत्तरकाशी में भी लगातार सूअरों के मरने व आवरा कुत्तों के बड़ी संख्या में मरने की खबर है। इसलिए जिला प्रशासन व नगर पालिका परिषद को उत्तरकाशी में भी सूअरों को खुलेआम विचरण पर रोक लगनी के साथ साथ ये भी जांच करनी चाहिए कि उत्तरकाशी में किस अज्ञात बीमारी से बड़ी संख्या में सुवर व कुत्तों की मौत हो रही है। इसके लिए पशु चिकित्सक इसकी जांच करें।



# डालनवाला कोतवाल पुलिस कार्यालय से सम्बद्ध, शिकायतकर्ता से अभद्रता का आरोप

संवाददाता

देहरादून। शिकायतकर्ता के साथ अभद्रता व मारपीट करने के मामले में एसएसपी मामले की जांच एसपी सिटी को सौंप डालनवाला कोतवाल में एसएसपी कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया।

आज यहां गांधी रोड निवासी परमप्रीत सिंह के साथ सिख समुदाय के लोगों को लेकर एसएसपी दलीप सिंह कुंवर से मिले। उनका आरोप था कि परमप्रीत सिंह का अपनी दुकान मालिकों के साथ विवाद चल रहा है। 15 अगस्त को उक्त लोगों ने उसकी दुकान का ताला तोडकर वहां से दीवार, सीसीटीवी कैमरे व अन्य सामान तोड दिया तथा परमप्रीत सिंह को भी जान से मारने की धमकी दी गयी। उनका आरोप था कि यह सब घटनाक्रम डालनवाला कोतवाल के सामने घटित हुआ तथा कोतवाल मूकदर्शक बने वहां पर खडे रहे। जब वह डालनवाला कोतवाली में अपना मुकदमा दर्ज कराने पहुंचा तो कोतवाल ने उसके साथ अभद्रता करते हुए शिकायती प्रार्थना पत्र अपने मन पसंद का लिखवाया जब उसने उसका विरोध किया तो कोतवाल ने उसके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की। उन्होंने मांग की कि डालनवाला कोतवाल को तत्काल प्रभाव से वहां से हटाया जाये। एसएसपी ने पूरा घटनाक्रम सुनने के बाद डालनवाला कोतवाली भटट को तत्काल प्रभाव से अपने कार्यालय से सम्बद्ध कर मामले की जांच एसपी सिटी सरिता डोभाल को सौंप दी तथा उनको दो दिन के अन्दर जांच कर आख्या उनको सौंपने के आदेश दिये।

# जनकवि 'गिर्दा' की याद में शोक सभा

संवाददाता

देहरादून। जनकवि गिरीश तिवारी गिर्दा की पुण्यतिथि पर शोक सभा कर उनको याद किया गया। आज जनकवि गिरीश तिवारी गिर्दा की पुण्यथिति है। राज्य के हर जन संघर्ज़ और आंदोलन में गिर्दा शामिल रहे। दष्ठाकों तक वे पहाड़ों की दु:ख और दर्द की आवाज रहे। गिर्दा विकास के नाम पर जो पहाड़ों की लूट और उत्तराखंड के लोगों पर हो रही शोषण के खिलाफ जिन्दगी भर लड़ते रहे। इसलिए आज देहरादून, पौड़ी, श्रीनगर, चमियाला, अगस्त्यमुनि, अल्मोड़ा, नैनीताल, उत्तरकाशी और राज्य के अन्य जगहों में उनकी याद में कार्यक्रम को आयोजित किए गए। देहरादून में हमारी विरासत के नाम पर गिर्दा की याद में शहीद स्मारक पर लोग एकत्रित हुए।

सांस्कृतिक संगठनों एवं जन संगठनों के प्रतिनिधि के साथ शहर के वरिष्ठ बुद्धिजीवी, लेखक और कवि कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आज की सरकार जिस ढंग से बड़े कॉर्पोरेट के हित में नीतियों को बना रही है, और जिस ढंग से पहाड़ों को बेच रही है, ऐसे नीतियों और कदमों को गिर्दा ने हमेशा विरोध किया। गिर्दा के गीतों को गा कर लोगों ने याद किया कि उन्होंने कैसे हर आंदोलन को प्रेरित करते थे। जन संवाद समिति के सतीश धौलखंडी; उत्तराखंड महिला मंच के कमला पंत, निर्मला बिष्ट, चन्द्रकला, पद्मा घोष और अन्य साथी वरिष्ठ कवि राजेश सकलानी बार काउंसिल की पूर्व राज्य अध्यक्ष राजिया बैग; चेतना आंदोलन के शंकर गोपाल, राजेंद्र शाह, और मुकेश उनियाल, उत्तराखंड क्रांति दल के वरिष्ठ नेता लताफत, भारत ज्ञान विज्ञान समिति के कमलेश खंतवाल, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के भोपाल; वरिष्ठ लेखक राकेश अग्रवाल, राज्य आंदोलनकारी जबर सिंह पावेल और अन्य साथी कार्यक्रम में शामिल रहे।

## एसडीएम द्वारा की गयी अभद्रता के विरोध में..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

बना लिया है।

अग्निवीर भर्ती रैली के लिए तहसील प्रशासन द्वारा बनाए जा रहे प्रमाण पत्रों के लिए युवाओं की लंबी की लंबी लाइन लग रही है। पौड़ी जिले की भर्ती आगामी 23, 24 व 25 अगस्त को होनी है। ऐसे में युवाओं को प्रमाण पत्र के लिए तहसील में कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। बीते शनिवार को पौड़ी तहसील क्षेत्र के युवा अपने प्रमाण पत्रों के इंतजार में आधी रात तक तहसील में ही बैठे रहे। एसडीएम सदर आकाश जोशी के अनुसार युवा कांग्रेस महासचिव नितिन बिष्ट द्वारा रात करीब 8 बजे तहसील पहुंचकर बवाल काटा गया। पहले तो तहसील प्रशासन ने नितिन बिष्ट को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित नितिन बिष्ट कुछ सुनने को तैयार नहीं था। जिसके बाद युवा कांग्रेस महासचिव व एसडीएम के बीच जमकर कहासुनी हुई। इस पूरे मामले पर पूर्व सीएम हरीश रावत द्वारा सवाल उठाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ गांधी पार्क पर धरना देकर सांकेतिक उपवास किया गया है।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# नहीं आती रात को नींद तो गुनगुना दूध पीएं!



अक्सर रात में सोने से पहले गुनगुना दूध पीने की सलाह दी जाती है। इसके कई कारण हैं। वैज्ञानिकों ने रात में दूध पीने की एक नई वजह बताई है। उनका कहना है, अगर आप अच्छी नींद चाहते हैं तो रात में गुनगुना दूध पिएं। यह आपकी नींद न आने की समस्या को दूर कर सकता है। दूध में ट्रिप्टोफन होता है जो अनिद्रा दूर करता है। हाल ही में चीन के नेशनल नेचुरल साइंस फाउंडेशन के एक शोध में यह तथ्य सामने आया है। शोधकर्ताओं का कहना है, शोध में यह साबित हुआ है कि गुनगुना दूध अनिद्रा की शिकायत दूर कर सकता है। चीनी वैज्ञानिकों का इस शोध के बारे में कहना है कि हम यह जानना चाहते थे कि दूध से नींद का क्या सम्बन्ध है। शोध के दौरान चूहे पर स्लीप टेस्ट किया गया। शोध में यह पाया गया कि दूध में मौजूद खास तरह के मिल्क पेप्टाइड नींद लाने में मदद करते हैं।

अनिद्रा दूर करता है दूध

शोधकर्ताओं के मुताबिक, दूध में ट्रिप्टोफन नाम का अमीनो एसिड पाया जाता है। इसके अलावा रिसर्च के दौरान यह भी सामने आया कि इसमें मिल्क पेप्टाइड कैसीन हाइड्रोलिसेट भी पाया जाता है जो तनाव को घटाता है और नींद में सुधार लाता है। यह यह दोनों चीजें मिलकर अनिद्रा की समस्या दूर करती हैं।

घटाता है दिल की बीमारियों का खतरा

वहीं दूसरी तरफ इंग्लैंड की रीडिंग यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं का कहना है, दिल की बीमारियां और स्ट्रोक का खतरा 14 फीसदी तक घटाना है तो रोजाना एक गिलास दूध पिएं। रोजाना एक गिलास दूध पीने वालों में कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम रहता है। इसलिए दिल की बीमारियों का रिस्क कम रहता है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढने पर धमनियों में ब्लॉकेज बन जाते हैं। नतीजा, हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ता है।

दूध पीने से नहीं होती डायबिटीज (मधुमेह)

आम तौर पर दूध पीने को लेकर लोगों में एक धारणा रहती है कि दूध पीने से डायबिटीज (मधुमेह) होने का खतरा बढ़ता है, लेकिन हाल ही में हुए शोधों में शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि दूध कम या ज्यादा पीने से डायबिटीज होने के कोई प्रमाण नहीं मिले हैं। दूध हड्डियों के लिए बेहद जरूरी है और विटामिन व प्रोटीन की कमी भी पूरी करता है।

सबसे फायदेमंद है गाय का दूध

शोधकर्ताओं का यह भी कहना है कि गाय का दूध सबसे ज्यादा फायदेमेंद है। इसमें दूसरे दूध के मुकाबले कैल्शियम अधिक पाया जाता है। गाय के शुद्ध दूध में 88 फीसदी पानी और प्रोटीन, गुड फैट व विटामिन-डी अधिक मात्रा में पाया जाता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड होने के कारण यह हार्ट और डायबिटीज पेशेंट्स के लिए खास फायदेमंद है। कई रिसर्च में भी सामने आया है कि यह मेटाबॉलिज्म दुरुस्त कर ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करता है।

एलर्जी हो तो सोया मिल्क का सेवन करें

दूध से एलर्जी है तो आप सोया मिल्क का इस्तेमाल कर सकते हैं। हाई प्रोटीन होने के साथ इसमें कैल्शियम और आयरन भी अधिक मात्रा में होता है। इसमें नौ तरह के अमीनो एसिड्स पाए जाते हैं जो इम्यून सिस्टम को बेहतर बनाते हैं जिससे आपकी रोगों से लडने् की क्षमता बढ़ती है। इसे पीते समय ध्यान रखें कि शुगर अधिक न लें।

कोकोनट मिल्ककृइसकी न्यूट्रिशन वैल्यू काफी हाई है। इसमें फायबर की मात्रा अधिक होने के साथ विटामिन सी, ई, बी और आयरन, सोडियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस पाया जाता है। लैक्टोज-फ्री होने के कारण ऐसे लोग जिन्हें दूध से एलर्जी है वे इसे ले सकते हैं। लो-कोलेस्ट्रॉल होने के कारण यह हृदय रोगों से बचाता है।

स्किम्ड मिल्ककृबढ़ते ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल से परेशान हैं तो स्किम्ड मिल्क बेहतर विकल्प है। खासकर 35 वर्ष की उम्र के बाद इसे लेना अच्छा है। इसमें फैट मात्र ०.3 फीसदी होता है इसलिए वजन को कम करना चाहते हैं तो इसे डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसे दही या छाछ के रूप में भी लिया जा सकता है।

टोन्ड मिल्ककृजिन्हें वजन नहीं घटाना है केवल फिट रहना है, वे डबल टोंड दूध पी सकते हैं। इसमें वसा की मात्रा काफी कम होती है। इसमें फैट की मात्रा कम होने के कारण हार्ट अटैक, स्ट्रोक का खतरा भी कम होता है। इसमें विटामिन-डी की मात्रा अधिक होती है इस कारण कैल्शियम आसानी से शरीर में एब्जॉर्ब हो जाता है।

## शब्द सामर्थ्य -31

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 30 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

# पौड़ी एसडीएम के खिलाफ कार्यवाही की मांग

नगर संवाददाता

देहरादून। युवक कांग्रेस ने अपने प्रदेश महासचिव के साथ पौड़ी एसडीएम द्वारा की गयी अभद्रता व हाथापाई की निंदा करते हुए ऐसे तानाशाह अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गयी है। युवा कांग्रेस द्वारा इस सम्बन्ध में आज बयान जारी करते हुए कहा कि संगठन के महासचिव नितिन बिष्ट के साथ पौड़ी एसडीएम द्वारा जिस तरह अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए उन्हे जान से मारने की धमकी दी गयी है वह पूर्ण रूप से गलत है।

कहा कि इस गहमा गहमी के दौरान एसडीएम के साथ खड़े अधिकारियों द्वारा भी युवा कांग्रेस के महासचिव का गिरेबान पकड़ा गया व उसके साथ बदसलूकी की गयी है इस कृत्य की युवा कांग्रेस कठोर शब्दों में निंदा करता है और ऐसे अधिकारी के खिलाफ तुरंत कार्यवाही की मांग करता हैं। उन्होने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग की है कि ऐसे आचरण वाले अधिकारी को तुरंत पद से हटाया जाये इस तरह का बर्ताव एक उच्च अधिकारी का करना अधिकारी की निरंकुशता जाहिर करता है।

उन्होने कहा कि अग्निवीर भर्ती के दौरान प्रमाण पत्रों की आवश्यकता हर युवा को है लेकिन पटवारियों की हड़ताल के कारण यह प्रमाणपत्र नहीं बनाये जा सके। इन्ही प्रमाणपत्रों को यथा शीघ्र मनाये जाने की मांग को लेकर महासचिव द्वारा एसडीएम से मुलाकात की गयी थी जिस पर एसडीएम अपना आपा खो बैठे और उन्होने महासचिव के खिलाफ अभद्रता की।

# बाल्मीकि धर्म समाज ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा

संवाददाता

देहरादून। राजस्थान में छात्र की मौत पर बाल्मीकि धर्म समाज ने छात्र के परिजनों को मुआवजा व एक को नौकरी की मांग को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। आज यहां राजस्थान के सियाला क्षेत्र में सुराणा में स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में तीसरी कक्षा के 8 वर्षीय छात्र इंद्र कुमार मेघवाल जो कि अनुसूचित जाति का था, की शिक्षक द्वार बेरहमी से पिटाई के करण 13 अगस्त 2022 को इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी।

आज प्रात: भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस उत्तराखंड के यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष अमन उज्जैनवाल लड्डू के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे तथा उन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में राष्ट्रपति से मांग की गई है कि पीड़ित परिवार को राजस्थान सरकार 50 लाख रुपये का मुआवजा दे तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाये। इसके साथ-साथ ज्ञापन में यह मांग भी की गई कि दोषी शिक्षक को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

ज्ञापन सौंपने वालों में संरक्षक देवेंद्र सिंह, मुकेश सिरसवाल उत्तराखंड सहप्रभारी ,कमल कुमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष यूथ विंग तरुण भवानी जिला संयोजक नितिन चंचल, महानगर अध्यक्ष शुभम सौदय, जिला अध्यक्ष यूथ विंग सौरभ ढीगिया, जिला उपाध्यक्ष चौतन्य गोडियाल, महानगर उपाध्यक्ष शिवम पवार, महानगर महामंत्री रोहित सिसोदिया, महानगर महा सचिव रोहित कुमार, पूर्व महानगर महासचिव अशोक कुमार, आदि शामिल थे।

# वर्क संस्था के पदाधिकारियों ने आपदा क्षेत्र का दौरा कर राहत सामग्री बांटी


संवाददाता

देहरादून। वर्क संस्था पदाधिकारियों ने मालदेवता सहित विभिन्न आपदा क्षेत्रों का दौरा कर जरूरत मंदों को राहत सामग्री बांटी।

आज यहां वर्ड ऑर्गेनाइजेशन रिलिजन एंड नॉलिज(वर्क) के कार्यकर्ताओं ने मालदेवता के उन इलाकों का दौरा कर जरूरत मंद लोगों तक सहायता पहुचाने का कार्य किया जहां बादल फटने से लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। वर्क के कार्यकर्ता कल भी इस क्षेत्र में पूरे दिन लोगों की मदद में लगे रहे और अलग अलग जगहों का जाएजा लेकर लोगों तक जरूरत की सामग्री पहुचाने का काम करते रहे थे।

आज सुबह मालदेवता पहुंच कर फिर से मदद का काम शुरू किया और राशन सहित जरूरत की सामिग्री को लोगों तक पहुंचाया। वर्क कार्यकर्ताओं ने बताया कि आम लोग व शासन प्रशासन के लोग भी बराबर काम मे लगे हैं जो लोगों की मदद कर रहे हैं नुकसान बड़ा है। वर्क की टीम ने सभी से आगे आ कर वहां के प्रभावित लोगों की मदद करने की अपील की और सरकार से मांग की कि वह जल्द इस इलाके की व्यवस्था को दुरुस्त कर लोगो तक उनके जरूरत का सामान पहुचाने का कार्य करे और जिसका जितना नुकसान हुआ है उसको उसके हिसाब से ज्यादा से ज्यादा मदद/मुआवजा देने का कार्य करे। इस अवसर पर वर्क के प्रभारी दानिश अफजल ,आरिफ वारसी,इलियास कुरेशी,मोहम्मद फैजान,फरमान अली आदि मौजूद रहे।

# अजय देवगन की सिंघम 3 में दिख सकते हैं सलमान खान




जब भी कॉप यूनिवर्स की फिल्मों का जिक्र होता है, तो सिंघम फ्रेंचाइजी की फिल्मों का नाम जरूर लिया जाता है। इस फ्रेंचाइजी की फिल्मों का क्रेज दर्शकों में देखने को मिलता है। इस फ्रेंचाइजी की दो फिल्में आ चुकी हैं, जिसका निर्देशन रोहित शेट्टी ने किया है। अब अजय देवगन अभिनीत सिंघम 3 पर काम चल रहा है। ऐसी चर्चा है कि सिंघम 3 में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान की एंट्री हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिंघम 3 में अजय के साथ सुपरस्टार सलमान नजर आने वाले हैं। कहा जा रहा है कि सलमान इसमें कैमियो करने वाले हैं। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। फिल्म में सलमान का किरदार कैसा होगा, इसके लिए फैंस को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि फिल्म में सलमान की एंट्री ने फैंस के उत्साह को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है।

सलमान एक ऐसे अभिनेता हैं, जिनका कैमियो भी फिल्म को खास बना देता है। यही वजह है कि एक के बाद एक वह कई फिल्मों में कैमियो की भूमिका में दिखने वाले हैं। शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म पठान में वह स्पेशल अपीयरेंस में दिखाई देंगे। यह फिल्म अगले साल दर्शकों के बीच आएगी। इसके अलावा वह आगामी फिल्म गॉडफादर में भी इसी तरह का किरदार निभाएंगे। इसमें साउथ स्टार चिरंजीवी मुख्य भूमिका में हैं।

सलमान और अजय में दोस्ती पुरानी है। 1999 में रिलीज हुई फिल्म हम दिल दे चुके सनम में दोनों नजर आए थे। इसके बाद दोनों को 2009 में आई लंदन ड्रीम्स में भी देखा गया था। अजय की सन ऑफ सरदार में सलमान ने कैमियो का किरदार निभाया था। वहीं, अजय भी सलमान की रेडी में मेहमान की भूमिका में दिखे थे। 1998 में आई सर उठा के जियो में दोनों ही कलाकारों ने कैमियो किया था। अगले साल अप्रैल में सिंघम 3 की शूटिंग शुरू होगी। हाल में रोहित ने कहा था, हमारे पास कहानी को लेकर बेसिक आइडिया है, लेकिन फाइनल ड्राफ्ट तैयार नहीं हुआ है। सिंघम 3 बहुत आगे का काम है। पहले सर्कस का काम खत्म करना है।

सिंघम फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म सिंघम 2011 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह साउथ की इसी नाम से बनी फिल्म की हिंदी रीमेक है। फिल्म में अजय के अलावा प्रकाश राज और अभिनेत्री काजल अग्रवाल नजर आई थीं। इस सीरीज की दूसरी फिल्म सिंघम रिटर्न्स 2014 में रिलीज हुई थी। इसमें अजय के साथ करीना कपूर और अनुपम खेर दिखे थे। इस फ्रेंचाइजी की दोनों फिल्मों को दर्शकों का खूब प्यार मिला था।

# विक्की कौशल ने सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म सैमबहादुर का वीडियो शेयर किया

बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल, जिन्होंने अपनी टीम के साथ अपनी फिल्म सैमबहादुर की शूटिंग को हरी झंडी दिखाई और एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। सैम मानेकशॉ का सेना का करियर चार दशकों और पांच युद्धों में फैला था। वह पहले भारतीय सेना अधिकारी थे, जिन्हें फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया गया था और 1971 के युद्ध में उनकी सैन्य जीत के कारण बांग्लादेश का निर्माण हुआ था। फिल्म की शूटिंग शुरू करने के अवसर पर टिप्पणी करते हुए विक्की ने कहा, मैं एक वास्तविक जीवन नायक और देशभक्त की भूमिका निभाने के लिए भाग्यशाली हूं, जिसे आज भी हमारे देश में उनके योगदान के लिए याद किया जाता है और प्यार किया जाता है।एक अभिनेता के रूप में सीखने और वापस लेने के लिए बहुत कुछ है।

पूरी टीम ने जितनी तैयारी और कड़ी मेहनत की है, उसके साथ। मुझे यकीन है कि दर्शक सैम की भारत को आज की तरह बनाने के लिए मंत्रमुग्ध करने वाली यात्रा को देखने के लिए रोमांचित होंगे।फिल्म के निर्माताओं ने एक विशेष वीडियो जारी किया जिसमें सैम बहादुर के रूप में विक्की की झलक उनके सह-कलाकारों, सान्या मल्होत्रा और फातिमा सना शेख के साथ दिखाई गई।

इस यात्रा को शुरू करने के लिए उत्साहित, निर्देशक मेघना गुलजार ने कहा, आखिरकार, वर्षों के व्यापक शोध, लेखन, विचार-मंथन और कठोर तैयारी के बाद सैमबहादुर की शूटिंग आखिरकार शुरू हो गई है। इसमें सैम मानेकशॉ के प्रेरक जीवन की कहानी है।विक्की के अलावा, फिल्म में फातिमा सना शेख भी दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और दंगल की सह-कलाकार सान्या मल्होत्रा भी में हैं, जो मानेकशॉ की पत्नी की भूमिका निभाती हैं।

फातिमा के लिए, हमारे देश के सबसे महान युद्ध नायकों में से एक की ऐसी प्रेरक कहानी का हिस्सा बनना एक बहुत बड़ा सम्मान है।मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित और रोनी स्क्रूवाला द्वारा निर्मित यह फिल्म 2023 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# माइंड द मल्होत्रा का सीजन 2 होगा और भी शानदार



लोकप्रिय सिटकॉम, माइंड द मल्होत्रास अपने गुदगुदाने वाले वन-लाइनर्स के साथ एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। अमेजॅन प्राइम वीडियो ने इसकी घोषणा की और मजेदार सिटकॉम के दूसरे सीजन का ट्रेलर जारी किया। कॉमेडी-ड्रामा में मिनी, साइरस साहूकार, सुष्मिता मुखर्जी, आनंदिता पाग्निस, निक्की शर्मा, जेसन डिसूजा, राहुल वर्मा और डेन्ज़िल स्मिथ हैं।

मिनी ने कहा, आखिरकार हम वापस आ गए हैं, और कैसे! शेफाली मल्होत्रा की भूमिका निभाने से मुझे दर्शकों से बहुत प्यार, सराहना और प्रशंसा मिली हैमैं अपने किरदार में फिर से ढलने, उसे कुछ और रंग देने और एक कलाकार के रूप में विकसित होने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि ऋषभ और शेफाली की जिंदगी पहले की तरह दर्शकों के दिलों पर नहीं टिकेगी।

मैं कह सकती हूं कि माइंड द मल्होत्रा सीजन 2 अधिक मजेदार होगा।पहले सीजन ने दर्शकों को ऋषभ (साइरस) और शेफाली (मिनी) के मध्य जीवन के वैवाहिक मुद्दों पर एक नजर डाली, जो सीजन 2 में और अधिक ड्रामा, मस्ती और मनोरंजन के साथ जारी रहेगा।

शेफाली जहां ऑनलाइन शेफ के तौर पर फॉलोअर्स की दौड़ में हैं, वहीं ऋषभ करोड़पति बनने में तल्लीन हैं। वैवाहिक और पारिवारिक तनाव के कारण, युगल सही संतुलन बनाने के लिए चिकित्सा की तलाश करता है।माइंड द मल्होत्रा का सीजन 2 मजेदार ट्विस्ट और अप्रत्याशित मोड़ से भरा है जो दर्शकों को खूब हंसाएगा।

श्रृंखला साहिल संघ द्वारा अभिनीत है और साहिल संघ और करण शर्मा द्वारा इसे लिखा गया है। मदीबा एंटरटेनमेंट के सहयोग से अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, यह अरमोजा प्रारूपों द्वारा वितरित इजरायली शो ला फेमिग्लिया का एक भारतीय रूपांतरण है।

# अमेरिका के कारण नहीं है ताइवान संकट

अजीत द्विवेदी

पता नहीं देश और दुनिया के भी कूटनीतिक और सामरिक जानकार क्यों यह निष्कर्ष निकाले बैठे हैं कि अमेरिका की वजह से ताइवान मुश्किल में फंस गया है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विद्वानों के लेख देखें या अखबारों की सुर्खियां पढ़ें तो हर जगह यह देखने को मिल रहा है कि अमेरिका और चीन की क्रॉस फायरिंग में ताइवान फंस गया या अमेरिका व चीन की लड़ाई में ताइवान प्यादे की तरह कुर्बान किया जा रहा है या वह प्रॉक्सी वार का शिकार हो रहा है आदि आदि। हो सकता है कि कुछ जानकार ऐसा मानते हों लेकिन बहुत से जानकार ऐसे भी हैं, जो किसी विचारधारात्मक आग्रह की वजह से यह निष्कर्ष निकाल रहे हैं। ऐसे जानकार रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग में या तो तटस्थ हैं या यूक्रेन का साथ दे रहे हैं। इसका कारण यह है कि उनके पास रूस का समर्थन करने का कोई कारण नहीं है और वे किसी तरह से इस युद्ध के लिए अमेरिका को जिम्मेदार नहीं ठहरा पा रहे हैं। इसके उलट ताइवान के मामले में चीन का बचाव करने की उनके पास वजह है और किसी न किसी तरह से अमेरिका इस मामले में शामिल हो गया है। झड्डद्व2ड्ढ ष्द्धद्वद्य शद्ध द्रह्वद्धष्ड्ड

लेकिन असल में ताइवान के पूरे संकट में अमेरिका की भूमिका इतनी ही है कि वह बार बार ताइवान का साथ देने का ऐलान करता है। वह चीन की एकाधिकारवादी और विस्तारवादी कूटनीति व सामरिक नीति का विरोध करता है और अपने को लोकतंत्र का रक्षक बताता है। अमेरिकी संसद के निचले सदन की स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा को टकराव बढ़ाने का तात्कालिक कारण मान सकते हैं लेकिन यह भी संकट का बुनियादी कारण नहीं है। ताइवान संकट का बुनियादी कारण चीन है। आज से नहीं कई दशकों से चीन की नजर ताइवान पर है। सत्तर के दशक में जब चीन और अमेरिका के संबंध मजबूत होने शुरू हुए थे तब भी चीन ने वन चाइना पॉलिसी के तहत ताइवान को अपना अभिन्न अंग बताया था और तब अमेरिका ने इस बात को स्वीकार किया था। अमेरिका के साथ समझौते के समय इसका जिक्र हुआ था और चीन ने कहा था कि वह ताइवान को मेनलैंड चाइना में मिला लेगा और 'वन नेशन टू सिस्टम' की व्यवस्था लागू करेगा। यानी पिछले 50 साल से ज्यादा समय से वह ताइवान को अपना मानता है और अपने देश में मिलाने की सोच रखे हुए है। तब तो अमेरिका भी उसकी इस सोच से सहमत था।

सो, अमेरिका को इस संकट के लिए जिम्मेदार कैसे माना जा सकता है? अमेरिका चुप हो जाए तो क्या ताइवान सुरक्षित हो जाएगा? क्या चीन वहां कोई सैन्य कार्रवाई नहीं करेगा? ताइवान अगर अमेरिका से दूरी बना ले तो क्या चीन उस पर कब्जा करने का इरादा छोड़ देगा? भारत तो चीन से नहीं लड़ रहा है। उलटे चीन के साथ भारत का कारोबार बढ़ता जा रहा है। इतिहास में पहली बार दोनों देशों का कारोबार सौ अरब डॉलर से ज्यादा का हुआ है, जिसमें भारत को बड़ा व्यापार घाटा हो रहा है। ऊपर से रूस-यूक्रेन युद्ध में भी भारत अमेरिका और यूरोपीय देशों का साथ नहीं दे रहा है। फिर भी चीन कहां भारत को छोड़ रहा है? वह भारत के कितने ही हिस्सों पर नजर गड़ाए हुए है और कब्जा करने के लिए समय का इंतजार कर रहा है। पूर्वी



लद्दाख में उसने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है और अरुणाचल प्रदेश से लेकर सिक्किम तक में अस्थिरता बनाए हुए है। इसलिए, ताइवान का चुप रहना या अमेरिका से दूरी बना लेना, उसके बचे रहने की गारंटी नहीं है। यह बात ताइवान को पता है कि देर-सबेर चीन उस पर कब्जा करने का प्रयास करेगा। चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग ने साफ कर दिया है कि वे सैन्य अभियान चला कर ताइवान पर कब्जा करेंगे। ध्यान रहे रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भी यूक्रेन के पूर्वी हिस्से पर कब्जा करने के लिए छेड़ी गई जंग को विशेष सैन्य अभियान ही कहा है। असल में चीन काफी अरसे से ताइवान पर कब्जे के प्रयास में लगा हुआ है और इसका अमेरिका से कोई लेना-देना नहीं है। चीन ने पूरे साउथ चाइना सी को अपना सैनिक ठिकाना बना लिया है। उसने ताइवान स्ट्रेट को अपना सैन्य ठिकाना बनाया है। समुद्र में कृत्रिम द्वीप बना कर चीन वहां अपने सैनिक तैनात कर रहा है। यह उसकी विस्तारवादी नीतियों का नतीजा है। इसमें अमेरिका या किसी दूसरे देश का हाथ नहीं है। उलटे अमेरिका की वजह से चीन अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पा रहा है। ताइवान को राहत मिले होने के सिर्फ दो कारण हैं। पहला कारण ताइवान का चिप उद्योग यानी सेमीकंडक्टर बनाने का उद्योग है। कंप्यूटर से लेकर कारों और सेटेलाइट तक में इस्तेमाल होने वाले चिप का सबसे बड़ा उत्पादक ताइवान है। ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी, टीएसएमसी इसका सबसे बड़ा उत्पादक है। चीन भी चिप के लिए ताइवान पर निर्भर है। इसके अलावा ताइवान की राहत का दूसरा कारण अमेरिका है।

यह कह सकते हैं कि अमेरिका की हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी की यात्रा टकराव बढ़ाने का तात्कालिक कारण बनी है। लेकिन यह भी कोई नई बात नहीं है। पेलोसी पहले भी चीन को उकसाती रही हैं और उसकी नीतियों के खिलाफ बोलती व माहौल बनाती रही हैं। याद करें कैसे 1992 में अमेरिका के संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ वे चीन के दौरे पर गई थीं तो थ्येनआनमन चौक जाकर बैनर लहराया था और चीन सरकार के नरसंहार में मारे गए लोकतंत्र समर्थक युवाओं का समर्थन किया था। इसी तरह पेलोसी 2008 में हाउस स्पीकर के नाते जब भारत के दौरे पर आई थीं तो उन्होंने धर्मशाला जाकर दलाई लामा सहित तिब्बत की निर्वासित सरकार के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी और बहुत सख्त शब्दों में चीन की दमनकारी नीतियों के विरोध में बयान जारी किया था। इसलिए उनकी ताइवान यात्रा उनकी घोषित नीतियों का ही एक हिस्सा है।

उनकी इस यात्रा से विवाद बढ़ा है तो साथ ही अमेरिका की जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। ताइवान की सुरक्षा की जवाबदेही उसके ऊपर आ गई है। चीन की गिद्ध दृष्टि ताइवान पर लगी है। उसे लग रहा है कि रूस ने यूक्रेन पर हमला करके उसके कई इलाकों पर कब्जा कर लिया और उसका युद्ध का मकसद पूरा हो गया। उसे यह भी लग रहा है कि यूक्रेन पर जंग छेड़ने के बाद भी रूस का कुछ नहीं बिगड़ा तो उसका भी कुछ नहीं बिगड़ेगा। इससे उसका हौसला भी बढ़ा है। ध्यान रहे साल के अंत में अक्टूबर या नवंबर में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की 20वीं कांग्रेस है, जिसमें शी जिनफिंग को फिर से नेता चुना जाएगा। इस कांग्रेस में कई पुराने सदस्य रिटायर हो रहे हैं, जिनकी जगह शी अपने विश्वस्त लोगों को बहाल करेंगे। उसके बाद वे ताइवान अभियान तेज कर सकते हैं। ताइवान इस बात को समझ रहा है और तभी वह अमेरिका को पूरे विवाद में शामिल किए रखना चाहता है। कायदे से तो भारत को भी इसमें शामिल होना चाहिए और तिब्बत से लेकर हांगकांग, शिनजियांग प्रांत में होने वाली ज्यादतियों और ताइवान के मसले पर बोलना चाहिए।

## सू- दोकू क्र.31

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र 30 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

# सीपीए की कार्यकारी समिति की बैठक में खंडूड़ी का किया गया स्वागत

संवाददाता




देहरादून। कनाडा में सीपीए की कार्यकारी समिति ने प्रथम महिला विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी का स्वागत किया गया।


उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कनाडा हैलिफैक्स के प्रवासीय दौरे के दौरान राष्ट्रमंडल संसदीय संघ(सीपीए) की अंतरराष्ट्रीय स्तर की कार्यकारिणी समिति कि बैठक में भारत के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में भाग लिया।

उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष कनाडा हेलीफैक्स में आयोजित 65वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा पहुंची हैं। जहां सम्मेलन से पूर्व उन्होंने सीपीए की कार्यकारी समिति की बैठक में हिस्सा लिया। यह भी बता दें कि उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष राष्ट्रमंडल संसदीय संघ में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कार्यकारिणी समिति की भारत के प्रतिनिधि के रूप में नामित सदस्य भी हैं। इस बैठक में उनके साथ बतौर सदस्य आसाम के विधानसभा अध्यक्ष बिस्वजीत दैमरी एवं लोकसभा सांसद अनुराग शर्मा ने भी भाग लिया। बैठक प्रारंभ होने से पहले सीपीए कार्यकारी समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष, इयान लिडेल-ग्रेंजर सहित कार्यकारी समिति के सभी सदस्यों द्वारा प्रथम महिला विधानसभा अध्यक्ष एवं कार्यकारी समिति की सदस्य नामित होने पर ऋतु खंडूडी का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

सीपीए की कार्यकारी समिति की बैठक में सीपीए के अध्यक्ष के नेतृत्व में इंडिया रीजन के साथ-साथ अफ्रीका, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटिश आइसलैंड कनाडा एवं कैरीबियन अमेरिका एंड अटलांटिक रीजन के लगभग 35 सदस्य ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान कार्यकारी समिति की पिछली बैठक के कार्यवृत्त को अनुमोदित कर सहमति प्रदान की गई साथ ही बैठक में लिए गए निर्णय पर कृत कार्रवाई का विवरण प्रस्तुत किया गया। इस दौरान सीपीए का वार्षिक प्रतिवेदन एवं कार्य की समीक्षा संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई एवं उस पर सहमति प्रदान की गई साथ ही उप समितियों की रिपोर्ट को भी समिति के समक्ष रखा गया।

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ(सीपीए) की गतिविधियों और व्यवसाय के नियंत्रण और प्रबंधन पर चर्चा की गई। एवम कनाडा में 22 से 26 अगस्त तक चलने वाली 65वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन की गतिविधियों के संबंध में भी चर्चा की गई।

# खतरे की जद में है सौ गांवों का रास्ता



हमारे संवाददाता

देहरादून। भारी बरसात के चलते तकरीबन सौ गांवों को जोड़ने वाला जाखन-जोहड़ी रोड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया हैं। जिससे दुर्घटनाओं की सम्भावनाएं तो बढ़ ही रही है साथ ही ग्रामीणों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पिछले दो दिनों से हो रही भारी बरसात के चलते जहां दून के कई इलाकों में आपदा का ग्रहण लग चुका है। वहीं इन क्षेत्रों को जाने वाली सड़कें भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी है। ऐसी ही एक सड़क जाखन-जोहड़ी मार्ग है। जो मसूरी के कुछ हिस्सो से लेकर कैंट क्षेत्र तक भी जाता है, जिससे तकरीबन सौ गांव जुड़े हुए है। बताया जा रहा है कि यह सड़क शुक्रवार देर रात आयी भारी बरसात के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। जिसके चलते दुर्घटनाओं की सम्भावनाएं तो बनी हुई है ही वहीं स्थानीय ग्रामीणों को भी इस सड़क के टूटने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क पहले ही लगभग 15 फीट की है, जिसके टूटने के बाद अब इस पर चलने में खतरा बना हुआ है। ऐसे में जिला प्रशासन को सोचना होगा कि इस सड़क का निर्माण शीघ्र कराया जाये ताकि लगभग सौ गांवों को जोड़ने वाले इस मार्ग पर जनता को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

**❑भारी बरसात के कारण जाखन-जोहड़ी रोड बुरी तरह क्षतिग्रस्त**

# राज्य में हत्याओं से ज्यादा मौतें होती है सड़क दुर्घटनाओं में: डीजीपी

हमारे संवाददाता

देहरादून। राज्य में हर वर्ष औसतन 200 लोगों की हत्या होती है लेकिन इससे पांच गुना ज्यादा यानि 1000 लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हो जाती है। यह राज्य के लिए बड़ी चिंता का विषय है। यह बात सहस्त्रधारा रोड स्थित एक कैफे में पीएचडी चेम्बर आफ कामर्स और एसडीसी फाउंडेशन की ओर से आयोजित चौथे वाव पालिसी डायलाग में उत्तराखण्ड में सड़क दुर्घटना विषय पर अपनी बात रखते हुए राज्य के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार द्वारा कही गयी। उन्होने कहा कि राज्य में सड़क दुर्घटनाओं को लेकर एक बड़ा कारण सड़कों पर बढ़ता ट्रैफिक दबाव है। राज्य गठन के समय जहां राज्य में वाहनों की संख्या 4 लाख थी वहीं अब आठ गुना ज्यादा यानि 32 लाख के करीब हो गयी है। उन्होने ड्रंक एंड ड्राइव, ओवर स्पीड और ओवर लोडिंग को सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बताया।



# मांगों को लेकर केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री से प्रतिनिधि मण्डल ने की मुलाकात

कार्यालय संवाददाता

हरिद्वार। उत्तराखंड राज्य में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा दिए जाने के साथ राज्य के वीर सपूत, अमर शहीद- जवानों की याद में हरिद्वार, देहरादून, उधम सिंह नगर, नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, पौड़ी गढ़वाल, टिहरी, उत्तरकाशी इत्यादि क्षेत्रों में सैनिक संग्रहालय (म्यूजियम), कॉरिडोर, उद्यान विकसित कर बनाए जाने की मांग के साथ अग्निवीर भर्ती योजना का सितंबर से दिसंबर तक बढ़ाए जाने की मांग को लेकर अपने दिल्ली दो दिवसीय दौरे के दौरान पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष संजय चोपड़ा की अगुवाई में केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन, राज्यमंत्री अजय भट्ट से नई दिल्ली स्थित उनके कार्यालय पर शिष्टाचार भेंट कर, अंग वस्त्र देकर माल्यार्पण द्वारा अभिनंदन कर उत्तराखंड के सर्वांगय विकास पर परिचर्चा की।

इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा उत्तराखंड राज्य भारत माँ के वीर सपूतों, वीर जवानों की बदौलत देश दुनिया में एक अलग पहचान बनाए हुए है, इसी के दृष्टिगत अपने कर्तव्यों का निर्वाह कर रहे वीर सैनिकों व पूर्व सैनिकों के कल्याण के



लिए महा योजनाओं में सम्मलित कराना मेरी प्राथमिकता होगी।

उन्होंने यह भी कहा उत्तराखंड के कोने- कोने में कुदरती सौन्दर्यकरण की भरमार है, पर्यटन व तीर्थाटन को और आकर्षित करने के लिए एडवेंचर, राफ्टिंग व समस्त पर्यटन उद्योग को और विकसित करने के दृष्टिगत केंद्र सरकार की ओर से राज्य सरकार को हर प्रकार की सुविधाएं दिलाने के लिए मेरे प्रयास जारी रहेंगे।

इस अवसर पर पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा केंद्र की मोदी सरकार द्वारा उत्तराखंड राज्य को विकास की और अग्रशील करते हुए ऋषिकेश, कर्णप्रयाग रेल यात्रा से जोड़े जाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किए जा रहे हैं वही आने वाले समय में उत्तराखंड चारधाम यात्रा को तीर्थ यात्रियों के लिए सुखद व आरामदायक बनाने के लिए ऑल वेदर रोड जैसी महा योजनाएं केंद्र सरकार के संरक्षण में राज्य सरकार की और से चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट के राजनीतिक व सामाजिक, प्रशासनिक अनुभव का लाभ केंद्र की मोदी सरकार की ओर से उत्तराखंड की जनता को मिलेगा ऐसा विश्वास प्रतीत होता है।

केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट से मुलाकात करते प्रतिनिधि मंडल में केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड के पूर्व सदस्य, भाजपा नेता आलोक मिश्रा, राजपाल सिंह, मुकेश ठाकुर, प्रवीण शर्मा, मनोज कुमार, राजेंद्र पाल आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# बंसीवाला क्षेत्र में किया वृहद वृक्षारोपण

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। क्लीन एंड ग्रीन इनवायरमेंट सोसाइटी द्वारा देहरादून वन प्रभाग की झाझरा रेंज के अंतर्गत बंसीवाला क्षेत्र में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के 100 से अधिक वृक्षों का रोपण किया गया। लगाए गए वृक्षों में आंवला, अमरूद, बांस, शीशम, बहेड़ा, आम, कचनार इत्यादि वृक्ष शामिल किए गए।

वर्ष 2022 में क्लीन एंड ग्रीन इनवायरमेंट सोसाइटी द्वारा किया गया यह पांचवा वृक्षारोपण अभियान है। इससे पिछले अभियान विकासनगर के दुर्गम स्थानों में स्थित 6 सरकारी विद्यालयों तथा मेहुवाला के तिरुपति एन्क्लेव, पीपीसीएल कॉलोनी , हर्रावाला में सम्पन्न किये गए थे। उक्त वृक्षारोपण अभियान में समिति के सदस्यों के साथ साथ झाझरा वन प्रभाग के वन क्षेत्राधिकारी, जितेंद्र सिंह गुसाईं तथा वन प्रभाग की समस्त टीम ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। वन क्षेत्राधिकारी द्वारा समिति द्वारा लगातार किये जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रमों की सराहना की और वन विभाग द्वारा हर संभव मदद किये जाने का आश्वासन दिया गया। बंसीवाला क्षेत्र में नदी के किनारे किनारे शीशम के वृक्षों को लगाया गया और जंगल के अंदर के एक कोने




में केवल बांस के वृक्षों का रोपण किया गया। जंगली जानवरों के लिए फलदार वृक्ष जैसे आँवला, बहेड़ा, आम, अमरूद जैसे वृक्ष लगाए गए ताकि जंगली जानवर जैसे बंदरो को जंगल मे ही भोजन की प्राप्ति हो और उनका शहरी क्षेत्रों में आवागमन ना होने पाए।

समिति द्वारा इस वर्ष समिति द्वारा 1500 से अधिक वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उक्त वृक्षारोपण अभियान में झाझरा रेंज के उप वन क्षेत्राधिकारी, जगदीश चंद्र जोशी, वन दरोगा, मीनाक्षी, रेणु जोशी, वन बीट अधिकारी, नूतन, वन आरक्षी ने भी भरपूर सहयोग प्रदान किया। वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने समिति को पुन: झाझरा रेंज के अन्य क्षेत्रों में वृक्षारोपण करने का न्योता दिया, जिसे समिति द्वारा फलदार वृक्षो को झाझरा रेंज में लगाये जाने हेतु स्वीकार किया। इस वृक्षारोपण अभियान में क्लीन एंड ग्रीन इनवायरमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष, राम कपूर, उपाध्यक्ष, रंदीप अहलूवालिया, सचिव, जेपी किमोठी, कोषाध्यक्ष, शम्भू शुक्ला, संयोजक, नितिन कुमार, सह संयोजक, अमित चौधरी व दीपक वासुदेवा, मंजुला रावत, सोनिया, सुमित खन्ना, राज, मनीष गुलाटी, सनी कुमार तथा झाझरा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह गुसाईं के साथ साथ झाझरा रेंज की समस्त टीम उपस्थित रही।



## एक नजर

# गुजरात में 'ईज ऑफ डूइंग ड्रग बिजनेस': राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुजरात में पिछले कुछ महीनों के दौरान बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों की हुई बरामदगी को लेकर सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताना चाहिए कि महात्मा गांधी और सरदार पटेल की धरती पर यह जहर कौन फैला रहा है। उन्होंने ट्वीट किया, गुजरात में ईज ऑफ डूइंग ड्रग बिजनेस (मादक पदार्थ का कारोबार करने की सुगमता) है ? कांग्रेस नेता ने कहा, प्रधानमंत्री जी, जवाब दीजिए कि गुजरात में हजारों करोड़ रुपये के मादक पदार्थ पहुंच रहे हैं, गांधी-पटेल की पावन भूमि पर यह जहर कौन फैला रहा है? बार-बार मादक पदार्थ बरामद होने के बावजूद, पोर्ट के मालिक से अब तक कोई पूछताछ क्यों नहीं हुई? राहुल गांधी ने गुजरात में नशीले पदार्थ की बरामदगी को मादक पदार्थों की तस्करी पर आधारित अमेरिकी ड्रामा सीरीज नारकोस की उपमा देते हुए पूछा,गुजरात में ड्रग कार्टेल चला रहे नारकोस को एनसीबी एवं अन्य सरकारी एजेंसियां अब तक क्यों नही पकड़ पायीं? केंद्र और गुजरात की सरकार में बैठे वह कौन लोग हैं जो माफिया मित्रों को संरक्षण दे रहे हैं? उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री जी, कब तक मौन रहेंगे, जवाब तो देना ही पड़ेगा।


Rahul Gandhi
@RahulGandhi · Follow

गुजरात में 'Ease of doing Drug business'?
प्रधानमंत्री जी, इन सवालों के जवाब दीजिए।

1. गुजरात में हज़ारों करोड़ की ड्रग्स पहुंच रही है, गांधी-पटेल की पावन भूमि पर ये ज़हर कौन फैला रहा है?

2. बार-बार ड्रग्स बरामद होने के बावजूद, पोर्ट के मालिक से अब तक कोई पूछताछ क्यों नहीं हुई?

10:33 AM · Aug 22, 2022

Read the full conversation on Twitter

18.7K Reply Copy link

Read 1.4K replies

# दिल्ली कूच कर रहे किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया

गाजीपुर। गाजीपुर बॉर्डर से दिल्ली की तरफ कूच कर रहे कुछ किसानों को पुलिस ने गाजीपुर बॉर्डर पर ही रोक दिया। जिसके बाद देखते देखते वहां लंबा जाम लग गया और किसान जमीन पर धरने पर बैठ गए। गाजीपुर बॉर्डर पर किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेड लगा रखे थे। बैरिकेड को किसान हटाने लगे और गिराकर वहां से आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे तो पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया और उसके बाद उन्हें हिरासत में लेना शुरू किया। सरकारी बसों में किसानों को भर कर थाने ले जाने का काम शुरू हो गया है। दिल्ली पुलिस ने जंतर मंतर पर हो रहे धरना प्रदर्शन को कोई भी अनुमति नहीं दी थी लेकिन बावजूद उसके संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले अलग-अलग राज्यों और अलग जिलों से किसान जंतर-मंतर पहुंच रहे थे।



# पाकिस्तान में सिख लड़की का अपहरण कर जबरन इस्लाम कुबूल कराया

लाहौर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बुनेर जिले में 20 अगस्त की शाम को एक सिख समुदाय की लड़की को जबरन अपहरण कर उसे इस्लाम धर्म में परिवर्तित कर दिया गया, जिसके बाद बड़े पैमाने पर सिख समुदायों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पीड़िता का अपहरण पुलिस की सहायता से बन्दूक की नोंक पर किया गया। फिर उसका बलात्कार किया गया और उसके बाद अपहरणकर्ता ने शादी करवाकर उसका धर्म बदलवा दिया गया। भेदभाव और उत्पीड़न की इस भयावह घटना को देखकर सैकड़ों सिखों और अन्य लोगों ने सड़क जाम कर न्याय की मांग की। एक प्रदर्शनकारी सिख ने कहा, 'मैं पाकिस्तान के लोगों और विदेशियों से अपील करता हूं कि हम पर हमला और अत्याचार हो रहा है। यह विरोध प्रदर्शन तब तक जारी रखा जाएगा जब तक वो हमारी बेटी को वापस नहीं लौटाते। प्रशासन ने हमे पूरे दिन गुमराह किया। बेटी के अपहरण में प्रशासन बुनेर के लोग शामिल हैं। इन सब ने मिलकर हमारी बेटी को प्रताड़ित किया, उसका बलात्कार किया और फिर जबरदस्ती उसकी शादी करा दी'। एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा कि पुलिस ने हमारी प्राथमिकी दर्ज नहीं की। हमने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से भी बात की, लेकिन किसी ने भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया, जिससे साफ पता चलता है कि इस अपराध के पीछे प्रशासन का पूरा समर्थन है।



# समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में राज्य आगे बढ़ रहा है: धामी




संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री धामी ने राज्य के विकास में मिल रहे केंद्र सरकार के सहयोग के लिये आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में श्री केदारपुरी का पुनर्निर्माण, पावन बद्रीनाथ धाम का मास्टर प्लान एवं ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर गतिमान है। राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में राज्य सरकार आगे बढ़ रही हैं।

आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में भोपाल में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 23 वीं बैठक में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने केंद्र के सहयोग से पर्वतीय क्षेत्र में प्राकृतिक जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण हेतु एक विशेष अभियान प्रारम्भ किये जाने और राज्यों के मध्य संसाधनों के आवंटन में इको सिस्टम सेवाओं को महत्ता दिये जाने और केन्द्र सरकार द्वारा वित्तीय संसाधनों के आवंटन में फ्लोटिंग पॉपुलेशन को ध्यान में रखे जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड में एक सशक्त वेदर फोरकास्टिंग सिस्टम, डॉप्लर रडार से युक्त अवस्थापना तंत्र के लिये सहयोग किये जाने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने मध्य क्षेत्रीय परिषद की आगामी बैठक देवभूमि उत्तराखण्ड में आयोजित करने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री धामी ने राज्य

के विकास में मिल रहे केंद्र सरकार के सहयोग के लिये आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में श्री केदारपुरी का पुनर्निर्माण, पावन बद्रीनाथ धाम का मास्टर प्लान एवं ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर गतिमान है। राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में राज्य सरकार आगे बढ़ रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र पोषित योजनाओं के निर्धारण में राज्य की दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए वन स्किम फिट ऑल के स्थान पर राज्य के अनुकूल टेलर मेड स्कीम तैयार करने पर भारत सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार के सहयोग से पर्वतीय क्षेत्र में प्राकृतिक जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण हेतु एक विशेष अभियान को भी प्रारम्भ किये जाने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य अपने वनों, बुग्यालों, ग्लेशियरों का संरक्षण करके राष्ट्र को महत्वपूर्ण इको सिस्टम सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। भोपाल के ही प्रतिष्ठित भारतीय वन प्रबन्धन संस्थान के एक अध्ययन के अनुसार इन पारिस्थितिकी सेवाओं का वार्षिक मूल्य न्यूनतम रू. 95,000 करोड़ आंका गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश-विदेश से बहुत अधिक संख्या में तीर्थ यात्रियों एवं पर्यटकों का आवागमन राज्य में होता है। उत्तराखण्ड की जनसंख्या लगभग सवा करोड़ है किन्तु प्रतिवर्ष उत्तराखण्ड में लगभग छः करोड़ लोगों का फ्लोटिंग पॉपुलेशन के रूप में आगमन होता है। इस प्रकार राज्य सरकार को लगभग सवा सात करोड़ लोगों हेतु अवस्थापना सुविधाओं की व्यवस्था करनी पड़ती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में राज्य में नैनी सैनी, गौचर, चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टियां विद्यमान हैं। सामरिक दृष्टि से इनके विस्तारीकरण और अन्य हैलीपोर्ट्स का भी निर्माण किये जाने की आवश्यकता है।

## धर्मशाला से पर्यटक का मोबाइल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरो ने धर्मशाला से पर्यटक का मोबाइल चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर गाजियाबाद निवासी नवीन चन्द्र तिवारी ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह यहां घुमने आया था तथा वह यहां भरत मन्दिर धर्मशाला में ठहरा था।

आज सुबह उसने देखा कि उसका मोबाइल फोन गायब था। चोरों ने उसका मोबाइल चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## घर के बाहर से मोटरसाईकिल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने घर के बाहर खडी मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुन्दरवाला निवासी असलम सैफी ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी मोटरसाईकिल घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## खबर का असर: 'दून वैली मेल' की पहल से फिर रोशन हुआ जोहड़ी गांव का जंगल

संवाददाता

देहरादून। सांध्य दैनिक 'दून वैली मेल' की खबर के बाद विद्युत विभाग की नींद खुली और उसने तत्काल कार्यवाही करते हुए जोहडी गांव की तरफ जाने वाले जंगल में स्ट्रीट लाईटों को दुरूस्त कर एक बार फिर जंगल को रोशन कर दिया। जिससे स्थानीय नागरिकों ने राहत की सांस ली।

उल्लेखनीय है कि जोहडी गांव की तरफ जाने वाला जंगल भंगेडियों व नशेडियों का अडडा बनता जा रहा था। इसी दौरान एक युवती ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर वहां की व्यथा लिख दी थी। प्रधानमंत्री की पहल के बाद विद्युत विभाग ने जंगल में स्ट्रीट लाईट लगाकर वहां पर रोशनी कर दी। कुछ माह बाद ही वह स्ट्रीट लाईटें खराब हो गयी और विभाग ने उस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। जबकि स्थानीय लोगों ने विभागीय अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री के पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज करा दी थी लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ था। स्थानीय समाजसेवी एसपी शर्मा के द्वारा सांध्य दैनिक 'दून वैली मेल' को एक पत्र लिखकर इस सारे मामले की जानकारी दी गयी। जिसके बाद दून वैली मेल ने अपने 17 अगस्त के अंक में ''जहां प्रधानमंत्री ने लगवायी थी लाईटें, आज है वहां अंधेरा'' शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था। समाचार प्रकाशित होने के अगले ही दिन खबर का असर दिखायी दिया और विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने वहां पर पहुंचकर स्ट्रीट लाईटें सही कर वहां एक बार फिर से उजाला कर दिया।



आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*